भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2206 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026/9 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

तमिलनाडु में जलमार्ग परिवहन

†2206. श्री जी. सेल्वम:

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में तटीय यात्री परिवहन, फेरी सेवाओं और अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन के विस्तार की संभावनाओं का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त राज्य में तटीय और अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन में सुधार के लिए किए गए अध्ययनों, चिह्नित किए गए स्थानों और की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का तमिलनाडु में नए तटीय यात्री फेरी मार्गों, आधुनिक फेरी टर्मिनलों और मल्टीमॉडल जल परिवहन अवसंरचना का विकास करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा तमिलनाडु में उक्त परियोजनाओं के माध्यम से सुरक्षित, वहनीय और पर्यावरण की दृष्टि से संवहनीय जलमार्ग परिवहन, पर्यटन तथा रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): भारत सरकार द्वारा ऐसा कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

(ग): पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) की सागरमाला योजना के तहत, तमिलनाडु राज्य में 42 करोड़ रुपये लागत की निम्नलिखित 4 परियोजनाएं शुरू की गई हैं:

(i) नागपट्टिनम (भारत) से कंकसंथुराई (श्रीलंका) तक यात्री फेरी सेवा के लिए नागपट्टिणम पत्तन अवसंरचना का उन्नयन

(ii) अग्नि तीर्थम पर पर्यटक जलयानों के लिए बर्थिंग सुविधाओं का निर्माण

(iii) पंबन अप्रोचेज, मंडपम में पर्यटन जलयानों के लिए अतिरिक्त बर्थिंग सुविधाओं का निर्माण

(iv) कन्याकुमारी में यात्री जेट्टी का विकास

(घ): तमिलनाडु में पांच राष्ट्रीय जलमार्गों के लिए नियोजित कार्गो / नदी क्रूज़ पर्यटन के विकास का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

अनुबंध

दिनांक 31/07/2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2206 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

तमिलनाडु में 05 राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) के लिए नियोजित कार्गो / नदी क्रूज़ पर्यटन के विकास का विवरण:

(क) बकिंघम नहर (रा.ज.-4 की घटक): कार्गो/नदी क्रूज़ पर्यटन सर्किटों के लिए जेट्टी इस प्रकार हैं:

i. महाबलीपुरम से एडियूर सेतु
ii. मरीना बीच के पास बकिंघम नहर का कूवम नदी हिस्सा
iii. पुलीकट झील
iv. कार्गो आवाजाही के लिए एन्नोर पत्तन से ईटीपीएस

(ख) भवानी नदी (रा.ज. -20): भवानी - संगमेश्वर मंदिर में नदी क्रूज पर्यटन के लिए जेट्टी।

(ग) कावेरी-कोल्लीडम नदी (रा.ज.-55): चिदंबरम के पास नदी क्रूज पर्यटन के लिए जेट्टी।

(घ) पझ्यार नदी (रा.ज.-77): नदी क्रूज पर्यटन आवाजाही के लिए कन्याकुमारी के पास जेट्टी।

(घ) पोन्नियार नदी (रा.ज.-80): नदी क्रूज आवाजाही के लिए जेट्टी।

*****